# कांग्रेस पार्टी ने सदैव भारतीय संविधान के प्रति अपनी गहरी आस्था रखी : पूर्व राज्यमंत्री पुखराज पाराशर

**जालोर, (कासं)।** जिला कांग्रेस कमेटी की और से संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को जन अभाव अभियोग निराकरण समिती के पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर के मुख्य आतिथ्य, प्रदेश सचिव जिला प्रभारी हरीश परिहार के विशिष्ट आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल की अध्यक्षता में एक विचार गोष्टी का आयोजन राजीव गांधी भवन जालोर में आयोजित किया गया।



**जालोर में जिला कांग्रेस कमेटी की और से संविधान दिवस के अवसर पर जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल ने विचार गोष्ठी में सम्बोधित किया।**

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एवम पूर्व की कांग्रेस सरकारों ने भारतीय संविधान के मूल्यों सिद्धान्तों सहित उसकी मूल भावनाओं को संरक्षित रखने का कार्य किया। कांग्रेस पार्टी ने सदैव भारतीय संविधान के प्रति अपनी गहरी आस्था रखी है। आज की भाजपा सरकार देश के संविधान के विपरीत जाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था का मजाक उ?ा रही हैं चुनी हुई सरकार को गिराना,संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर संविधान की मूल भावना के साथ खिलवाड कर रही हैं। उन्होंने समस्त कांग्रेसजनों से संविधान में निहित मूल अधिकार एवम कर्तव्यों को पढने,समझने एवम आमजन तक उनकी जानकारी पहुचने का आग्रह किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश सचिव जिला प्रभारी हरीश परिहार ने कहा कि 26 नवम्बर2024 को भारत संविधान सभा द्वारा हमारे संविधान को अपनाने की 75 वी वर्षगाँठ का गौरवपूर्ण स्मरण करेगा। इसके बाद हम 26 जनवरी,2025 को गणतंत्र दिवस मनाएंगे,जो 1950० में हमारे देश के गणतंत्र में परिवर्तन का प्रतीक है, जब संविधान लागू हुआ था। संविधान निर्माताओं ने संविधान में हर वर्ग सहित आमजन का ध्यान रखकर बनाया है हम सभी का दायित्व बनता है कि हम भारतीय संविधान के तहत कार्य करे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल ने कहा कि भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर ने कांग्रेस के साथ मिलकर संविधान को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, यह सुनिश्चित किया कि यह

> ■ **संविधान दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन राजीव गांधी भवन जालोर में आयोजित किया**

न्याय,समानता और बन्धुत्व का प्रतीक हो। केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों ने तब से हमारे लोकतंत्र की मजबूत नीव रखी है और देश की सामाजिक- राजनीतिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।आज संविधान में निहित मूल्यों और संस्थानो को भाजपा शासन के तहत अभूतपूर्व खतरो का सामना करना पड रहा है, जिससे हमारे लोकतांत्रिक आदर्शों की एकीकृत रक्षा की आवश्यकता है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी भवरलाल चोपडा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एवम कांग्रेस के नेतागणों ने हमेशा भारतीय संविधान की रक्षा एवम उसका सम्मान करने का प्रयास किया है कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खडगे ने संविधान और इसके द्वारा बनाये गए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का इस उद्देश्य के प्रति समर्पण अटूट रहा है। राहुल गांधी की अथक वकालत ने संविधान और कांग्रेस पार्टी की सभी के लिए न्याय और समानता की प्रतिबद्धता के बीच गहरे संबंध को मजबूत किया है।

कार्यक्रम को आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी, जालोर कांग्रेस प्रत्याशी रमिला मेघवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी सवाराम पटेल,सायला ब्लॉक अध्यक्ष सवाई सिंह चंपावत, जालोर ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, खुशाल सिंह राजपुरोहित,नगराध्यक्ष मुमताज अली, मंडल अध्यक्ष पीर सिंह मालपुरा, रमेश सोलंकी, गजे सिंह वेडिया, सोनाराम मेघवाल, कपूराराम परिहार, आम सिंह परिहार, खसराम मेघवाल,पुखराज मेघवाल, सुरेश मेघवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने किया।

## चिकित्सालय में पार्किग की राशि वसूल करने का विरोध

**जालोर (कासं)।** जालोर के राजकीय चिकित्सालय में मरीजो के लिए इलाज, दवाई व पर्ची फ्री होने के उपरान्त पार्किंग के नाम पर अवैध वसूल के विरोध में जालोर ब्लड डोनर ग्रुप के संरक्षक नितेश भटनागर ने जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन में बताया कि कुछ समय से अस्पताल एवं ब्लड बैंक प्रशासन की मनमानी से अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजो को असुविधा से झूझना पड रहा है। नियमानुसार ब्लड बैंक की सम्पूर्ण जिम्मेदारी होती है कि वह हर मरीज को रक्त की पूर्ति करावे परन्तु जालोर सरकारी ब्लड बैंक की स्थिति बहूत ही दयनीय है। ब्लड बैंक में रक्त का पूर्ण स्टॉक होने के उपरान्त भी मरीजो को रक्त लेने के लिए चक्कर काटने पडते है, फिर भी ब्लड बैंक से मरीजो को कोई सुविधा नही दी जा रही है। पूर्व में अस्पताल प्रशासन द्वारा गरीब व असहाय व्यक्तियो को सरकारी डॉक्टर द्वारा, ब्लड बैंक द्वारा एवं जालोर ब्लड डोनर ग्रुप संस्था द्वारा चैरिटी द्वारा रक्त मुहैया करवाया जाता था जो कि कुछ समय से पीएमओ एवं उपनिरीक्षक द्वारा चैरिटी बन्द कर दी गयी है, एवं अब मरीज को प्रत्येक ब्लड युनिट के लिए एक डोनर की आवश्यकता पडती है,लेकिन डाक्टर द्वारा लिखी गई चैरिटी को पीएमओ द्वारा स्वीकार नही किया जाता है। ज्ञापन में बताया कि जहा राजस्थान सरकार द्वारा मरीजो को अस्पताल में समस्त सुविधा निशुल्क दी जाती है वही पर जालोर जिला अस्पताल प्रशासन द्वारा लोगो से पार्किंग के नाम पर 10 रुपये शुल्क लिया जा रहा है जो कि गैरकानूनी रूप से लगाया गया है।

## सीएम से मिलकर जवाई नदी की उठाई मांग

**जालोर (कासं)।** राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से की मुलाकात जवाई नदी को पुनर्जीवित करने व किसानों की मांग एवं जन भावनाओं से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने जल संसाधन मंत्री को विभागीय अधिकारियों व किसान प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित करने के दिए निर्देश जालोर 26 नवम्बर। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने मंगलवार को जवाई नदी को पुनर्जीवित करने के मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिलकर उनसे वार्ता कर जन भावना एवं किसानों की मांगों से अवगत करवाया। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने वार्ता की।

## जवाई बांध के पानी की मांग को लेकर किसानों का महापड़ाव जारी

**जालोर, (कासं)।** जालोर जिला मुख्यालय पर कलैक्ट्रेट के समक्ष जवाई बांध के पानी का हक तय करने तथा फसली बीमा का भुगतान करने की मांग को लेकर किसानो का महापडाव मंगलवार को नौवे दिन भी जारी रहा। वही मंगलवार को माली समाज, शिव सेना व व्यापार मंडल सहित करीब कई संगठनो ने किसानो की मांगो का समर्थन देकर जिला कलैक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौपा। बुधवार को व्यापार मंडल के आव्हान पर बाजार बंद रहेगा।

जालोर में जवाई बांध के पानी पर जालोर का हक तय करने की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ का महापडाव कलैक्ट्रेट पर जारी है। किसानो ने महापडाव स्थल पर सम्बोधित करते हुए कहा कि

> ■ **जालोर बंद का आव्हान आज**

जवाई बांध के पानी पर हक तय नही किया गया तो महापडाव जारी रहेगा। जवाई बांध किसानो की जीवन रेखा है तथा हमेशा किसानो के साथ प्रशासन व सरकार द्वारा छलावा किया गया है। जब तक मांगे नही मानी जायेगी तब तक महापडाव जारी रखने का आव्हान किया गया। मंगलवार को माली समाज, शिव सेना व व्यापार मंडल सहित कई संगठनो ने किसानो का समर्थन देते हुए मुख्यमंत्री के नाम जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौपा।

वही जवाई बांध के जल पर जालोर जिले का हक निर्धारण करवाने व जवाई बांध के पानी को जवाई नदी में छोडकर जवाई नदी को पुनर्जीवित करने के लिए माली समाज जालोर द्वारा किसान भाईयों के महापडाव के समर्थन में मुख्यमंत्री के नाम जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बताया कि पिछले 30 वर्षों से जवाई बांध के पानी और फसल बीमा हमारी सबसे बडी मांगे रही है। जवाई नदी के पानी पर पूर्णरूप से जालोर जिले का हक निर्धारित करने की मांग को लेकर किसानों व जिलेवासीयों द्वारा संघर्ष किया जा रहा है। जवाई बांध के पानी में जालोर जिले का हक निर्धारित करने, जालोर शहर को नर्मदा का शुद्ध एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाने समेत अन्य मांगों को लेकर जिला मुख्यालय जालोर पर कलेक्टेट के सामने 19 नवम्बर से अनिश्चितकालीन आन्दोलन व महापडाव चल रहा है।

## 'सुदृढ़ मतदाता सूचियों के निर्माण में सभी भागीदारी निभाएं'

**जालोर (कासं)।** संभागीय आयुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर डॉ. प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में जालोर जिले में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में रोल ऑब्जर्वर एवं संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने कहा कि निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार 1 जनवरी, 2024 को 18 वर्ष आयु पूर्ण कर रहे नवमतदाताओं सहित दिव्यांग व नवविवाहित महिलाओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि सहित सभी सम्मिलित प्रयास करें। उन्होंने त्रुटिरहित एवं सुदृढ़ मतदाता सूचियों के निर्माण में सभी की भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नवमतदाताओं का नाम जुड़वाना सुनिश्चित करें। उन्होंने नगरीय निकायों में कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से एसएसआर कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त ने कहा कि विशेष संक्षित पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची में नाम जोडने, हटाने तथा संशोधन सम्बन्धी दावे तथा आपत्तियां 28 नवंबर, 2024 तक प्रस्तुत की जा सकेगी। प्राप्त दावें एवं आपत्तियों का निस्तारण 24 दिसम्बर, 2024 तक किया जायेगा तथा मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाश 6 जनवरी, 2025 को किया जायेगा। उन्होंने राजनैतिक दलों के सदस्यों से सुझाव प्राप्त करते हुए मतदाता सूचियों के सुदृढ़ीकरण को लेकर विस्तृत चर्चा की।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश मेवाड़ा, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी जालोर मनोज चौधरी, तहसीलदार जालोर बाबूसिंह राजपुरोहित, भारतीय जनता पार्टी के केशव व्यास, डिम्पल सिंह, सुरेश सोलंकी व मुकेश राजपुरोहित, इंडियन नेशनल कांग्रेस के रमेश सोलंकी, बसपा के पी.के. भादरू सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

रोल ऑब्जर्वर व संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने मंगलवार को आहोर विधासभा क्षेत्र के सांकरणा ग्राम में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के बूथ संख्या 103 व 104 का अवलोकन किया। उन्होंने बीएलओ से त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने तथा जोड़े गये नवीन मतदाताओं के बारे में जानकारी ली तथा घर-घर सर्वे रजिस्टर भी देखा।

इस दौरान आहोर उपखण्ड अधिकारी सांवरमल रैगर सहित बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित रहे।

## संविधान दिवस मनाया

**जालोर ।** जालोर के निकट सरवडी पुरोहितान के पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सरवडी पुरोहितान में मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ संविधान दिवस मनाया गया। संविधान दिवस के उपलक्ष में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा स्थानीय विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया।और छात्र-छात्राओं को स्वच्छता पर जागरूक कर विद्यालय परिसर के लिए स्थानीय भामाशाह एवं युथ ग्रुप सरवडी द्वारा कचरा पात्र स्थापित किए गए।

इसके साथ ही प्राथमिक विद्यालय एवं स्थानीय बाजार में भी कचरा पत्र स्थापित किए गए।और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से पधारे हुए श्री सौरभ शर्मा,जितेंद्र सोलंकी एवं स्थानीय वालंटियर श्री सूजाराम देवपाल सरव?ी द्वारा संविधान दिवस के बारे में एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किया जा रहे अनेक कार्यो के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य नंदा मतनानी द्वारा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से मेहमानों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## लंबित राजस्व प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करें : डॉ. प्रदीप गांवडे

**जालोर, (कासं)।** जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने राजस्व अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में राजस्व न्यायालयों के प्रकरणों तथा उनके निस्तारण के संबंध में प्रगति देखी। उन्होंने विशेष कार्ययोजना बनाकर लंबित राजस्व प्रकरणों के निस्तारण को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने आबादी विस्तार आवंटन, आरओडब्ल्यू पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों का निस्तारण,, नामांतकरण निस्तारण, पीएम किसान सम्मान निधि के तहत ई-केवाईसी प्रगति, सीमांकन व पत्थरगढ़ी के प्रकरणों सहित विभिन्न राजस्व संबंधित मामलों में तहसीलवार प्रगति देखी। जिला कलक्टर ने सार्वजनिक भूमि संरक्षण प्रकोष्ठ में लंबित प्रकरण (पीएलपीसी) एवं लाईट्स के संबंध में समीक्षा करते हुए उपखण्ड अधिकारियों एवं तहसीलदारों को कार्यवाही कर पालना रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये। बैठक में पीएलपीसी प्रकरणों व अवमानना प्रकरणों की समीक्षा, राजस्व न्यायालयों की प्रगति, धारा 251ए की प्रगति, रेफरेन्स प्रकरणों की राजस्व रेकर्ड में अमलदरामद की स्थिति, आरओडब्ल्यू, एसडीआरएफ के लंबित प्रकरणों, प्राथमिक जांच, 16 व 17 सीसीए जांच, भूमि संपरिवर्तन प्रकरण में बकाया जांच रिपोर्ट, विचाराधीन भूमि आवंटन प्रकरणों, राजकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाने, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम धारा 183 बी व 175 पर समीक्षा, भूमि अवाप्ति के प्रकरणों में मुआवजा वितरण एवं नामान्तकरण की प्रगति, नामान्तरण निस्तारण, पटवार भवनों की स्थिति, सीमाज्ञान एवं पत्थगढ़ी के प्रकरण, पी.डी.आर. एक्ट वसूली अवशेष व बैंक ऋण संबंधी प्रकरण की प्रगति, राजस्व मंडल प्रकरणों में अपील व रिट संबंधी वर्तमान स्थिति, निरोधक कार्यवाही की समीक्षा, कानून एवं व्यवस्था तथा ऑनलाइन जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्रों की समीक्षा की गई।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन का सत्यापन 31 तक

**जालोर, (कासं)।** जिले में कुल 1 लाख 58 हजार 628 पेंशनर्स सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत पेंशन का लाभ प्राप्त कर रहे है एवं 85 हजार 420 (93.94 प्रतिशत) पेंशनर्स ने अपना भौतिक सत्यापन करवा लिया है।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में पेंशन प्राप्त कर रहे वृद्धजन, विधवा एवं विशेष योग्यजन व्यक्तियों को अपनी पेंशन सुचारू रखने के लिए 31 दिसम्बर, 2024 तक भौतिक सत्यापन करवाया जाना अनिवार्य है। भौतिक सत्यापन के अभाव में पेंशन राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भौतिक सत्यापन से वंचित पेंशनर्स ई मित्र पर फिंगर प्रिन्ट के माध्यम से सत्यापन करवा सकते हैं। पेंशनर्स गूगल प्ले स्टोर से एंड्रॉइड मोबाइल पर राजएसएसपी एप एवं फेस आईडी एप डाउनलोड करके फेसियल रिकोगनाईजेशन के माध्यम से घर बैठे भी स्वयं सत्यापन करवा सकते है। पेंशनरों के फिंगर प्रिन्ट नहीं आने की स्थिति में पेंशनर्स स्वयं क्षेत्रीय भौतिक सत्यापन अधिकारी (उपखंड अधिकारी/विकास अधिकारी) के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर आधार नंबर से लिंक मोबाईल ओटीपी प्राप्त कर अपना भौतिक सत्यापन करवा सकते हैं।

## लायंस क्लब के स्वर्ण जयंती वर्ष पर मैत्री एवं सद्भावना यात्रा आयोजित

### 'पूरे एक साल तक सेवा क्षेत्र में कार्य किए जाएंगे'

**जालोर, (कासं)।** लायंस क्लब जालोर व जोधपुर वेस्ट के तत्वावधान में रविवार शाम को भागली स्थित गुरु लक्ष्मणधाम में मैत्री एवं सद्भावना यात्रा के तहत संभागीय अध्यक्ष डॉ. बबीता गुर्जर की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सचिव दीपेश सिद्धावत ने बताया कि पर्यावरण और समाज के प्रति जागरुकता बढाने के उद्देश्य से मैत्री एवं सद्भावना यात्रा का आयोजन किया गया।

> ■ **'पर्यावरण और समाज के प्रति जागरुकता बढाने के उद्देश्य से मैत्री एवं सद्भावना यात्रा का आयोजन किया गया'**

उन्होंने बताया कि लायंस क्लब का यह स्वर्ण जयंती वर्ष चल रहा है और 50 वर्ष पूर्ण कर 51वे वर्ष में प्रवेश कर रहा है। ऐसे में पूरे एक साल तक सेवा क्षेत्र में कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर अतिथियों को क्लब की ओर से स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को लायंस क्लब जोधपुर वेस्ट के अध्यक्ष मोहन रत्नेश, संभाग अध्यक्ष डॉ. बबीता गुर्जर, जालोर अध्यक्ष कालूराज मेहता ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भंवरलाल चोपडा, रमेश बोहरा, डॉ. एस.पी. शर्मा, राजेंद्र जैन, विजय मोदी, सुरेश अग्रवाल, राकेश भंसाली, आनंद खत्री, मुकेश मोदी, कनिष्क चौधरी समेत बडी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।



**मैत्री एवं सद्भावना यात्रा में भंवरलाल चोपडा, रमेश बोहरा, डॉ. एस.पी. शर्मा, राजेंद्र जैन, विजय मोदी, सुरेश अग्रवाल, राकेश भंसाली, आनंद खत्री, मुकेश मोदी, कनिष्क चौधरी सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।**

## 'संविधान की प्रस्तावना को जीवन में आत्ससात् करें'

**जालोर, (कासं)।** संविधान दिवस के अवसर पर जिला प्रमुख राजेश कुमार, जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जालोर प्रधान नारायण सिंह राजपुरोहित एवं वरिष्ठ अधिवक्ता मधुसूदन व्यास ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार परिसर में फोटो प्रदर्शनी का विधिवत् फीता काटकर दीप प्रज्जवलन कर उद्घाटन किया। इस उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया जाकर संविधान की विशेषताओं पर चर्चा की गई। अतिथियों ने प्रदर्शनी में लगाए गए ऐतिहासिक दुर्लभ छायाचित्रों का अवलोकन कर संविधान निर्माण में संविधान निर्माण सभा के गठ्न से लेकर संविधान लागू होने तक के छायाचित्रों का समावेश करने की सराहना की। संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय संविधान की विशेषताओं पर वक्ताओं ने प्रकाश डालते हुए विश्व के सबसे बडे लिखित एवं लोकप्रिय संविधान के बारे में चर्चा की। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने भारतीय संविधान की विशेषताओं के बारे मे विस्तार से जानकारी देते हुए संविधान की प्रस्तावना को जीवन में आत्मसात् करने की बात कही। राजकीय कन्या महाविद्यालय के सहायक आचार्य वगताराम चौधरी ने संविधान निर्माण की प्रक्रिया एवं विकास क्रम के बारे में अवगत कराया।

## सार-समाचार

### श्रीमाली समाज का सम्मेलन दिसंबर में

**भीनमाल, (निसं)।** स्थानीय क्षेमंकरी माताजी मंदिर के निकट हनुमान टेकरी परिसर में मंगलवार दोपहर में एक बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें 28 व 29 दिसंबर को अखिल भारतीय श्रीमाली ब्राह्मण समाज श्रीमाली ब्राह्मण समाज की समस्त भारत स्तरीय समितियों इकाईयों का दो दिवसीय सम्मेलन श्रीमाली समाज उत्पत्ति स्थल श्रीमाल-भीनमाल में आयोजित होगा। उस हेतु विचार विमर्श किया गया। समाज बंधुओं की बैठक में सर्व प्रथम गणेश, गौरी, मां क्षेमंकरी व हनुमान की पूजा अर्चना नरोत्तम पूरी महाराज के सानिध्य में की गई। इस हेतु श्रीमाली ब्राह्मण समाज संस्था पुष्कर के राष्टीय अध्यक्ष विधु शेखर दवे ने आगामी मंथन सम्मेलन को लेकर वृहद जानकारी एवं समाज सुधारात्मक जो समाज में व्याप्त कुरीतियों के शमन हेतु मंथन 2024 के तहत योजना को विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम को लेकर विविध जिम्मेदारियां भी प्रमुख कार्यकर्ताओं को सौंपी गई। वित्त प्रभारी विजयराज श्रीमाली वनधर को, आवास व्यवस्था भगवती प्रसाद दवे को, भोजन प्रसाद व्यवस्था रूपाशंकर श्रीमाली धुम्बडीया व रमेश दवे को, स्मारिका व बैठक व्यवस्था डॉ घनश्याम व्यास को व युवा टीम प्रमुख प्रवीण दवे को सौंपी गई। अन्य शेष व्यवस्थाएं भी शीघ्र प्रदत्त की जाएगी। राष्टीय उपाध्यक्ष कांतिलाल ओझा ने भी आगामी कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की बात कही। स्थानीय श्रीमाली ब्राह्मण समाज अध्यक्ष ठाकुर शेखर व्यास ने इस ऐतिहासिक आयोजन को एक प्रेरक कार्य योजना बताया। उसमें स्थानीय समाज पूर्ण आत्मीय सहयोग ज्ञापित करेंगा। सुरेन्द्र त्रिवेदी ने कहा कि संस्थान द्वारा जो प्रयत्न किए जा रहे हैं वो बहुत ही सराहनीय है। सचिव भगवतीप्रसाद ने पुष्कर संस्थान को आशान्वित किया कि श्रीमाली ब्राह्मण समाज व समस्त क्षेत्र कार्यक्रम को सफल बनाने में कोई कमी नहीं छोडेंगे। प्रचार-प्रसार के माध्यम से समस्त समाज जन लाभान्वित हो उस हेतु सभी सहयोगी बंधुओं से प्रचार प्रसार का आव्हान किया।

### राष्ट्र की एकता की दिलाई शपथ

**भीनमाल (निसं)।** भीनमाल के निकटवर्ती जुंजाणी गांव के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। संविधान दिवस के उपलक्ष में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रार्थना सत्र में विद्यार्थियों को राष्ट की एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई एवं रन फॉर इक्विलिटी जागरूकता रैली निकाली गई। प्राचार्य शांतिलाल जीनगर ने बताया कि संविधान दिवस पर बाल संसद के विशेष अधिवेशन का आयोजन हुआ। जिसमें एक्सपर्ट टॉक विशेष आकर्षण रहा। संविधान दिवस पर प्रार्थना सत्र में संविधान की प्रस्तावना का वाचन उर्मिला कुमारी द्वारा किया गया। उसके पश्चात विद्यार्थियों को राष्ट की एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई व रन फॉर इक्विलिटी जागरूकता रैली को प्राचार्य शांतिलाल जीनगर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो गांव के मुख्य मार्गो से होकर पुनः विद्यालय पहुंची। इस दौरान पीएम श्री गतिविधियों के बेहतरीन तरीके से आयोजन पर विचार विमर्श किया। निबंध प्रतियोगिता वर्तमान परिदृश्य में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर आयोजित हुई। विशेष कार्यशाला में भारतीय संविधान का इतिहास, आधारभूत विशेषताएं, संप्रभुता, समाजवाद, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक शक्ति विभाजन, संविधान की सर्वोच्चता, नीति निर्देशक तत्व, मूल कर्तव्य, मौलिक अधिकार विषय पर विषयाध्यापकों द्वारा मार्गदर्शन देकर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी विद्यार्थियों ने शानदार प्रस्तुति, पुस्तकालय से सामग्री एकत्र कर रोशन तरीके से डिस्प्ले तैयार किया गया। एक्सपर्ट टॉक में नागरिकता कौशल, जीवन जीने का अधिकार पर प्राचार्य शांतिलाल जीनगर, वाइस प्रिंसिपल राजेश कुमार, हेल्पिंग नेचर के ओकेश बॉस ने विस्तार से जानकारी दी।

### आरसीसी करते श्रमिक गिरा, मौत

**जोधपुर ।** निकटवर्ती खुडियाला गांव में पानी की टंकी पर आरसीसी कार्य करते एक श्रमिक पैर फिसलने से नीचे गिर गया। घायलावस्था में अस्पताल लाए जाने पर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। मृतक के भाई की तरफ से मथानिया थाने में मर्ग में रिपोर्ट दी गई है। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया। मथानिया पुलिस ने बताया कि हड़मत नगर, बेलवा बालेसर निवासी 30 साल का सुमेरराम मेघवाल खुडियाला गांव में निर्माणाधीन पानी की टंकी पर आरसीसी का कार्य कर रहा था। तब वह पैर फिसलने से अचानक नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल मथानिया अस्पताल ले जाया गया, मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। इस बारे में उसके भाई देवाराम मेघवाल की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई है। शव को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द कर दिया गया।

### जवाई नदी को पुनर्जीवित की मांग की

**जालोर, (कासं)।** राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने मंगलवार को जवाई नदी को पुनर्जीवित करने के मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिलकर उनसे वार्ता कर जन भावना एवं किसानों की मांगों से अवगत करवाया। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने बताया कि वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत को विभागीय अधिकारियों व विशेषज्ञों के साथ जवाई नदी पुनर्जीवित करने के विषय पर बैठक आयोजित कर इस मुद्दे को समझ राज्य सरकार की ओर से इस संबंध में किए जाने योग्य प्रयासों से पुनः अवगत करवाने की बात कही। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसान प्रतिनिधियों को भी बैठक में सम्मिलित किये जाने के निर्देश दिए।

## शीतला सप्तमी मेला व महानवमी का अवकाश

**जालोर, (कासं)।** जिला कलैक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में जालोर जिले में दो दिवस का स्थानीय अवकाश घोषित किया है जिसके तहत जिले में 21 मार्च, को शीतला सप्तमी मेला एवं 1 अक्टूबर, को महानवमी के दिवसों को स्थानीय अवकाश रहेगा।


**AUCTION FOR SALE**

Salvage disposable of Fire affected Senna Pods lying at **M/s Umalaxmi Organics Pvt Ltd.** Godown No. 2 at SP-3, Agro Food Park Boranoda, Jodhpur. Interested buyers can inspect from **27th Nov to 03rd Dec** & participate in online auction along with **EMD Rs. 75,000/-.**

**Auction will be held on 03rd Dec 1:00pm to 2:00pm On our website:**

**www.salvagewealth.in**

**Auctioneer Details: Mrs. Neha Mehra 81 30 17 15 75**


**कार्यालय ग्राम पंचायत विशाला पंचायत समिति सायला जिला जालोर**

क्रमांक/बोली/2024/56 — दिनांक: 21-11-2024

**ई-निविदा सूचना संख्या - 02/2024-25**

ग्रांम पंचायत विशाला पंचायत समिति सायला में विभिन्न निमार्ण कार्य हेतु संकर्म की ई बोलियां आंमत्रित की जाती है । ई - बोली दिनांक 22.11.2024 से 28.11.2024 को 06 पी.एम बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत की जानी होगी । प्राप्त ई - बोलियो को दिनांक 29.11.2024, 02.00 पी.एम बजे उपस्थित बोलीदाताओ या उनके प्रतिनिधियो के समक्ष कय समिति द्वारा कार्यालय मे खोली जावेगी । बोली से सम्बन्धित विवरण वेबसाइट https://eproc.rajasthan.gov.in अथवा www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है ।

**UBIN : ZJR2425WSOB00828**

**सरपंच, ग्राम पंचायत, विशाला, पं. स. जालोर** — **ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत, विशाला, पं. स. जालोर**

राजस्थान सरकार
राईस सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग

**कार्यालय प्रधानाचार्य डॉ भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका आवासीय विधालय भैंसवाडा (जालोर)**

क्रमांक- 219 — दिनांक -25/11/2024

राईस , सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार के नियंत्रणधीन संचालित डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका आवासीय विधालय भैंसवाडा जालोर में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए फोम बेस्ट गदे की आपूर्ति करने हेतु खुली निविदा के माध्यम से पंजीकृत इच्छूक बोलीदाता / संवेदकों / फर्मो से दिनांक 28-11-2024 को दोपहर 2.00 बजे तक निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमत्रित की जाती है । निविदा प्रपत्र विस्तृत विवरण शर्तो का अवलोकन विभागीय वेबसाईट www.sje.rajasthan.gov.in एवं लोक उपापन पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर किया जा सकता है ।

**NIB CODE : SOC2425A0168**
**UBN NO : SOC2425GSOB00198**

प्रधानाचार्य
डॉ .भीमराव अम्बेडकर रा.बा.आ.
उ.मा.वि. भैंसवाडा (जालोर)